हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

13 जपं कुरूद के सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



14 निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली होने पर महापौर ने जताई नाराजगी





## खबर संक्षेप

### हरदी में मड़ई आज

**मगरलोड।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम हरदी में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए साल्हेटोला कांकेर का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी उपसरपंच मनहरण निषाद, डिगेश साहू ने दी है।

### सेमरा स्कूल में आज बाल मेला

**कुरूद।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सेमरा बी में आज बाल मेला का आयोजन होगा जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा मड़ई मेला की तर्ज पर स्टॉल लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच और शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष होंगे।

### भैंसमुंडी में मड़ई मेला आज

**मगरलोड।** ग्राम भैंसमुंडी में नगरवासियों तथा ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मेला में करेली छोटी से रिच्छिन माता का आगमन भी होगा। रात्रि में ग्रामीणों में मनोरंजन के लिए भानपुरी धमतरी का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी घनश्याम साहू ग्रामीण अध्यक्ष व दाऊलाल साहू महासचिव ग्राम विकास समिति ने दी है।

### सिर्री में देवांगन समाज की मंडल बैठक कल

**सिर्री।** देवांगन समाज सिर्री मंडल की कार्यकारिणी बैठक ग्राम इकाई सिर्री में 6 जनवरी शनिवार को दोपहर 12 बजे रखी गई है।



बैठक में आगामी वार्षिक अधिवेशन, मां परमेश्वरी जयंती मनाने संबंधी विषयों पर चर्चा होगी। मंडल अध्यक्ष की अनुमति अनुसार अन्य सामाजिक विषयों तथा गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी सिर्री मंडल सचिव विष्णु देवांगन ने दी है।

### चटौद में संगीतमय रामकथा 8 से

**जीजामगांव।** ग्राम चटौद में पांच दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन 8 से 12 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक संत राजीव लोचन दास चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश होंगे। रामकथा दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगी। प्रथम दिवस कलश यात्रा, शिव चरित्र, राम जन्मोत्सव, द्वितीय दिवस धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, परशुराम संवाद, तृतीय दिवस केंवट प्रसंग, भरत चरित्र, चतुर्थ दिवस कैकयी चरित्र, शबरी प्रसंग, पंचम दिवस सुंदरकांड एवं श्री राम राज्याभिषेक की कथा होगी। यह जानकारी पुनेश्वर साहू ने दी है।

### भरींगांव में मानसगान सम्मेलन आज से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम भरींगांव में तीन दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 5 से 7 जनवरी तक किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 5 जनवरी को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभापति मीना सत्येन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य, सरपंच सुनीता साहू की अध्यक्षता एवं पुष्पाबाई साहू, अहिल्या साहू, राजकुमारी साहू, त्रिवेणी साहू, गिरिजा साहू, संजय साहू, कुशलराम साहू के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। समापन 7 जनवरी को विजय वर्मा सिविल इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य, एचआर साहू अभियंता की अध्यक्षता एवं मेनसिंग साहू, सोनउराम मात्रे, सेवक राम साहू, गोविंद साहू के विशेष आतिथ्य में होगा।

### फड़ मड़ई से बिगड़ रही छत्तीसगढ़ की संस्कृति

# मड़ई में सज रही जुए की महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

फंडिंग के लालच में गांव-गांव में फड़ मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। अब तक आसपास के दर्जनभर से अधिक गांवों में मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। वहीं कई गांवों में इसी प्रकार मड़ई आयोजित करने की प्लानिंग है। पुलिस को भी इस प्रकार के आयोजनों की खबर रहती है, इसके बाद भी किसी प्रकार से कार्रवाई नहीं की जा रही है।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति में मेला-मड़ई की अहम भूमिका है। लगभग सभी गांवों में साल में एक बार मड़ई या मेला का आयोजन किया जाता है। पहले पूरा आयोजन गांव समिति से होता है। गांव से चंदा एकत्रित भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त दुकान लगाने वालों से टैक्स भी लिया जाता है। इस फंड से मड़ई का आयोजन किया जाता है लेकिन धीरे-धीरे मड़ई का यह सिस्टम बिगड़ने लगा है। फंडिंग के लालच में अब गांवों में फड़ मड़ई को बढ़ावा दिया जा रहा है। चंदा एकत्रित करने की जगह जुआ फड़ के माध्यम से फंड एकत्रित किया जा रहा है और इसी से मड़ई के खर्च को मैनेज किया जा रहा है। हाल ही में महानदी से लगे 6 गांवों में इस प्रकार का आयोजन देखने को मिला। आसपास के कई अन्य गांवों में इस प्रकार की मड़ई का आयोजन किया जा चुका है। धमतरी के साथ कुरूद क्षेत्र में भी फड़ मड़ई को बढ़ावा दिया जा रहा है।



फाइल फोटो

#### प्रतिबंध लगाने की मांग

अखिल विश्व गायत्री परिवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्यामा नरेश साहू ने फड़ मड़ई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि फड़ मड़ई गांव के कुछ लोगों द्वारा ग्रामीणों पर लादा जाता है। ग्रामीणों को जुआ खेलने के लिए लालच भी दिया जा रहा है। इस प्रकार की कुरीतियों से समाज पर बुरा असर पड़ रहा है।

#### आयोजन से पहले ही लेन-देन की बात

फड़ मड़ई में रात में खड़खड़िया की महफिल सजती है। खड़खड़िया फड़ लगाने वाला ही पूरी मड़ई का खर्च उठाता है। किसी गांव में 1 लाख तो किसी में डेढ़ लाख तक फंड दिया गया है। मड़ई आयोजन से पहले ही लेन-देन की पूरी बात हो जाती है। इसके बाद रातभर खड़खड़िया का फड़ सजाकर ग्रामीणों को जुआ खिलवाया जाता है। इस जुआ से फड़ सजाने वालों की भी अच्छी कमाई हो जाती है।

#### संस्कृति पर दाग

खड़खड़िया एक प्रकार का जुए का खेल है, जिसमें लोग सामूहिक रूप से जुआ खेलते हैं। इसमें बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी को खेलने की अनुमति होती है। विडंबना यह है कि इस खेल में बच्चे सबसे ज्यादा नजर आते हैं। इस प्रकार मड़ई का आयोजन छत्तीसगढ़ की मड़ई की सुंदर संस्कृति पर दाग लग रहा है।

#### संदेह में पुलिस की भूमिका

मड़ई में गांवों में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बरकरार रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा जवानों की ड्यूटी लगाई जाती है। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी जवान तैनात रहते हैं। मड़ई वाले गांवों में पुलिस की गश्त भी होती है। पुलिस जवानों की तैनाती के बीच खड़खड़िया की महफिल सजती है। इससे पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

# कट्टे की नोक पर जेवर की लूट कैमरे में नजर आए दो आरोपी

■ जेवर असली है या आर्टिफिशियल, जांच में जुटी भखारा पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

भखारा में कट्टे की नोक पर ढाई लाख रुपए के जेवर लूटने का मामला सामने आया है। सराफा व्यापारी ने इसकी शिकायत थाने में की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर पंचायत भखारा बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर के सामने दुर्गा ज्वेलर्स में बुधवार की देर शाम 7 बजे बाइक सवार एक युवक-युवती पहुंचे। दुकान में युवक ने ज्वेलर्स को कट्टा दिखाया और युवती वहां रखे 2.50 लाख रुपए कीमत के रानी हार को लेकर भाग निकली। ज्वेलर्स संचालक जस्सू सोनी ने बताया कि युवक-युवती दोनों दुकान में आए और रानी हार दिखाने को कहा। जैसे ही उन्होंने हार दिखाया तो युवक ने सामने कट्टा तान दिया। इधर साथ आई युवती हार लेकर भाग निकली। इसके बाद युवक भी भाग गया। उन्होंने कुर्सी उठाकर दौड़ाते हुए उसे रोकने की कोशिश की, पर दोनों गली से होते हुए साहू भवन की ओर से भाग निकले। व्यापारी ने बताया कि रानीहार का वजन लगभग 35 ग्राम था।



#### सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला

थाना प्रभारी शरद ताम्रकार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो आरोपी नजर आ रहे हैं। दुकान में चार रानी हार सेट रखे थे। एक को आरोपी ले गए। वहीं तीन अन्य हार की जांच कराई तो वह आर्टिफिशियल निकला। फिलहाल चौथा हार जिसे आरोपी ले गए, वह सोने का है या आर्टिफिशियल इसकी जांच करा रहे हैं।

#### फिल्मी स्टाइल में लूट

सीसी कैमरे में एक महिला और पुरूष नजर आ रहे हैं। दोनों फिल्मी स्टाइल में दुकान में प्रवेश किए और हार लेकर निकल गए। आरोपियों ने बंटी-बबली की तर्ज पर इस घटना को अंजाम दिया है। सूत्रों से पता चला है कि आरोपी द्वारा लेकर गए जेवर आर्टिफिशियल है लेकिन इस पर पुलिस की कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी का पूरा जीवन बीतेगा सलाखों के पीछे

**धमतरी।** एक नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले वृद्ध को न्यायालय ने कड़ी सजा दी है। उसे अब अपना पूरा जीवन जेल की सलाखों के पीछे बिताना होगा। इस मामले में नाबालिग की उम्र दुष्कर्मी के नाती-पोतों की बराबर है।

कुरूद निवासी सुदर्शन नागरची उम्र 60 वर्ष ने अपने से काफी कम उम्र की नाबालिग को डरा-धमकाकर उसका शारीरिक शोषण किया। उसका कई बार शारीरिक शोषण किया। इससे नाबालिग गर्भवती हो गई। इस मामले में सभी सबूतों और गवाहों के बयान पर गौर करने के बाद न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी पाक्सो के पीठासीन अधिकारी पंकज कुमार जैन ने सुदर्शन को 6 पाक्सो एक्ट और धारा 376(2)(जे)(एम) का दोषी पाया। उन्होंने सुदर्शन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में उसे बाकी का पूरा जीवन जेल में बिताना होगा। इसके अतिरिक्त 10000 रुपए अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई है। अर्थदंड नहीं देने पर 3 माह का सश्रम कारवास भुगतना होगा।



**केन्द्र सरकार के नए कानून का किया विरोध**

# छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ ने निकाली मोटरसाइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ ने गुरूवार को मोटरसाइकिल रैली निकालकर नए कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया।

महासंघ के जिला उपाध्यक्ष जगेश्वर साहू, सचिव सोमनाथ ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा वाहन चालकों के संबंध में लाया जा रहा नया कानून न्यायोचित नहीं है। कानून की धारा 106(2) 1, 2 के विरोध में ड्राइवर संघ के समस्त ड्राइवरों द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया।



रैली सुबह 11 बजे मथुराडीह आफिस से रवाना हुई। कोलियारी, विंध्यवासिनी मंदिर, कलेक्टोरेट रोड, अम्बेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, सिहावा चौक, बस स्टैंड, अर्जुनी मोड़ से वापस मथुराडीह आफिस पहुंची। रैली में करीब 300 मोटरसाइकिल के साथ 600 से अधिक ड्राइवर शामिल हुए।

# बारिश का खतरा मंडराया

**धमतरी।** अरब सागर में लो प्रेशर एरिया डेव्हलप होने से प्रदेश में मौसम के खराब होने की संभावना है। 7, 8, 9 जनवरी को जिले में बारिश की स्थिति बन रही है। मौसम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अरब सागर पर एक लो प्रेशर एरिया बन चुका है जिससे नमीयुक्त हवाएं चलने लगी हैं। इससे न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो गई है।

प्रदेश में आमतौर पर जनवरी माह में शीतलहर चलने का ट्रेड है। दिसम्बर के महीने में कहीं भी शीतलहर नहीं चली है। अभी जिस तरह से मौसम में बदलाव होने जा रहा है, इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि जनवरी के दूसरे सप्ताह से ठंड बढ़ सकती है। मौसम विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार एवं पश्चिमी विक्षोभ जम्मू कश्मीर एवं उससे लगे उत्तर पाकिस्तान के ऊपर सक्रिय है। इसके असर से नमीयुक्त गर्म हवा प्रवाह होने की संभावना है। आगामी दो दिनों में रात के न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम साफ होने पर हवा की दिशा बदलेगी जिससे ठंड में वृद्धि होगी।

#### तीन दिनों तक मौसम के खराब रहने की संभावना

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7, 8, 9 जनवरी को प्रदेश में मौसम खराब रह सकता है। कम दबाव का क्षेत्र बनने से हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम साफ होने के बाद शीतलहर चलने की भी संभावना है।

# तीन सड़क दुर्घटना व छत से गिरने की घटना में चार लोगों की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे

जिला व उसके आसपास चार स्थानों पर हुई घटना व दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं दो लोग घायल हुए हैं। चारों शवों का जिला अस्पताल के मर्च्यूरी में पोस्टमार्टम कराया गया है।

नव वर्ष के दूसरे व तीसरे दिन धमतरी जिला व उसके आसपास तीन जगहों पर सड़क हादसे व छत से गिरने की घटना हुई है। इन दुर्घटनाओं में एक घटना बुधवार की देर रात्रि नगरी मार्ग में दुगली घाटी मोड़ पर हुई है, जिसमें एक बाइक चालक की मौत व सवार घायल हुआ है। गरियाबंद जिले के ग्राम बेन्दकरा निवासी प्रभात ध्रुव पिता मीलूराम उम्र 19 वर्ष गांव के तीन दोस्त विकेश ध्रुव 34 वर्ष, जयंत ध्रुव व हुलेश ध्रुव उम्र 17 वर्ष के साथ दो मोटरसाइकिल में सवार होकर घूमने के लिये धमतरी आये थे। दिनभर आसपास घूमने के बाद रात्रि लगभग 9 बजे चारों युवक मोटरसाइकिल से नगरी मार्ग से होते हुये वापस अपने घर बेन्दकरा लौट रहे थे। एक मोटरसाइकिल में विकेश अपने भांजा जयंत के साथ आगे चल रहे थे। वहीं प्रभात व हुलेश दूसरी मोटर साइकिल पर थे। मोटरसाइकिल प्रभात चला रहा था। नगरी रोड में दुगली के पास स्थित घाटी की मोड़ में तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर चट्टान से टकरा गई। इस घटना में बाइक चालक प्रभात व सवार हुलेश घायल हो गये। संजीवनी 108 की मदद से घायलों को रात्रि में ही जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद प्रभात को मृत घोषित कर दिया। वहीं हुलेश को वार्ड में शिफ्ट कर उपचार किया जा रहा है। इस घटना में प्रभात के सिर में गंभीर चोट व हुलेश के हाथ-पैर में चोट आई है।

अस्पताल चौकी पुलिस ने अलग-अलग मर्ग कायम व पंचनामा कर चारों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।









#### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

भोजराम साहू पिता पुसऊराम उम्र 48 वर्ष ग्राम कुरूभाट थाना नरहरपुर निवासी 2 जनवरी को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एस 9205 से बैंक के काम के सिलसिले में चारामा गया था। जहां से काम निबटाकर वापस अपने घर कुरूभाट लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम बाबूकोहका के कोसा प्लांट के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार भोजराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये चारामा अस्पताल ले गये। रिफर किये जाने पर घायल को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुधवार की शाम घायल की मौत हो गई।

#### युवक छत से गिरा, मौत

बुधवार की सुबह देवेश साहू पिता नरेन्द्र उम्र 30 वर्ष अपने घर की छत पर टहल रहा था। छत में बाउण्ड्रीवाल नहीं है। टहलते समय युवक अचानक छत से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल युवक को चारामा अस्पताल से रिफर किये जाने पर मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान घायल की बुधवार की रात्रि मौत हो गई।

#### कसपुर के पास हादसा

सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़डोंगरी निवासी चंद्रशेखर नेताम पिता चेतनलाल उम्र 21 वर्ष 3 जनवरी को गांव के दुष्यंत ओटी के साथ दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने स्कूटी से जामगांव गये थे। जहां से दोनों कुछ सामान खरीदने कांकेर चले गये। कांकेर से जामगांव लौटते समय ग्राम कसपुर के पास सड़क किनारे स्कूटी को खड़ी कर दोनों लघुशंका के लिये खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक ओडी 33 पी 6099 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए युवकों को चपेट में ले लिया। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल कांकेर लाया गया। जहां से घायलों को रायपुर रेफर कर दिया गया। संजीवनी 108 से रात्रि में ही घायलों को रायपुर ले जाया जा रहा था लेकिन धमतरी पहुंचने तक चंद्रशेखर की स्थिति को देखते हुये मसीही अस्पताल में लाया गया। डाक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल दुष्यंत को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कमार जनजाति बाहुल्य गांवों में लगा स्वास्थ्य शिविर

# 3715 हितग्राहियों का बना आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के कमार जनजाति बाहुल्य गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 3715 कमार हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ा गया।

जिला प्रशासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिये जिले के मगरलोड व नगरी ब्लाक की विशेष पिछड़ी कमार जनजाति 122 बसाहटों में रहने वाले 1721 परिवारों के लगभग 6 हजार 297 लोगों को पात्रतानुसार समस्त सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देशित किया गया। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा कमार जनजाति वाले गांवों में शिविर लगाकर गैरसंचारी रोगों की रोकथाम, जांच व उपचार के लिये स्वास्थ्य कार्ड दिया गया। इस कार्ड में व्यक्ति की संपूर्ण स्वास्थ्यगत जानकारी दर्ज की जा रही है जिसमें उच्च रक्तचाप, शुगर, कैंसर, सिकलिन, हृदय की बीमारी, कॉनिक, किडनी की बीमारी शामिल है।

सीएमएचओ एसके मंडल ने शहरी स्वास्थ्य केन्द्र इतवारी बाजार एवं मगरलोड के मड़ेली गांव में आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण जांच करने के निर्देश दिये। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में कमार जनजाति की जनसंख्या 6 हजार से अधिक है जिसमें से 3715 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। 4113 कमार जनजाति के लोगों की टीबी जांच में 1 पॉजिटिव, सिकलिन पॉजिटिव 14, सर्वाइकल कैंसर 3 सस्पेक्टेड, ब्रेस्ट कैंसर जांच में 63 सस्पेक्टेड, बीपी 201, हाइपरटेंशन व शुगर के 91 केस मिले हैं, जिनका उपचार जारी है। यह शिविर लगातार जारी रहेगा।



# नम्रता जिले की नई कलेक्टर, ऋतुराज का स्थानांतरण

**धमतरी।** कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी का स्थानांतरण हो गया है। नम्रता गांधी ने धमतरी की 19वीं कलेक्टर के रूप में चार्ज लिया। नम्रता गांधी धमतरी जिला पंचायत सीईओ रह चुकी हैं। कलेक्टर की कुर्सी सम्हालने से पहले उन्होंने नगर की अधिष्ठात्री मां विंध्यवासिनी और रूद्रेश्वर महादेव मंदिर में पूजा की। सत्ता बदलते ही प्रशासनिक उलटफेर का दौर शुरू हो गया है। इसका असर धमतरी में भी पड़ा है।



धमतरी कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी का स्थानांतरण कर दिया गया है। गुरुवार को ही श्री रघुवंशी ने कुर्सी छोड़ दी। शाम को नम्रता गांधी ने कलेक्टर के रूप में चार्ज सम्हाला। जिले में अब तक 18 कलेक्टर काम कर चुके हैं। वे 19वीं कलेक्टर हैं। वे धमतरी जिले की दूसरी महिला कलेक्टर हैं। उनके चार्ज सम्हालने के बाद कलेक्टोरेट में उनसे मिलने-जुलने वालों का तांता लगा रहा।

### प्लेसमेंट कैम्प 8 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी में 8 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। कम्पोजिट भवन के कमरा नंबर 45 में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 437 पदों पर भर्ती के लिये साक्षात्कार लिया जायेगा। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र ने बताया कि कक्षा दसवीं, स्नातक, डीसीए एवं डिप्लोमा इन फायर सेफ्टी की शैक्षणिक योग्यता वाले आवेदक इस प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### सूने घर से जेवर एवं नगदी की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के गणेश पारा में एक सूने घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात द्वारा सोने के जेवर सहित नगदी रकम की चोरी कर ली गई है। प्रार्थी सुदन महानंद पिता जीवर्धन 55 वर्ष ने बताया कि मंगलवार को उनका परिवार किसी काम से कहीं और गए थे। इसी दौरान अज्ञात द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर अटैची में रखे एक नग सोने की बाली कीमती कीमती 1000 रुपए, दो नग सोने का लॉकेट 2000 रुपए और नगदी रकम 30000 रुपए की चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

### घर के सामने से बाइक पार

**महासमुंद।** सरायपाली शहर के बुढ़ादेव नगर में दिलीप पटेल पिता हेमलाल 31 वर्ष के घर के सामने से दिनदहाड़े मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 06 वाय 2680 कमती 60000 रूपए की अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### स्कूल के सामने से दो युवती का अपहरण

**महासमुंद।** मंगलवार को आत्मानंद स्कूल तुमगांव के सामने से दो नाबालिग युवती का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक धनेश्वर यादव कोडार बांध और देव कुमार यादव अछरीडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी नाबालिग पुत्रियों को अज्ञात द्वारा आत्मानंद स्कूल के गेट के सामने से बहला फुसलाकर कहीं ले जाया गया है। जिस पर पुलिस ने दोनों ही मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

### तुमगांव में रोज निकाली जा रही प्रभातफेरी

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अयोध्या रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा राम टोली द्वारा प्रतिदिन नगर के सभी वार्डो में सुबह प्रभातफेरी निकाली जा रही है। श्रीराम के नारे के जयघोष से नगर को राममय किया जा रहा है। रामटोली द्वारा राम मंदिर में एकत्रित होकर सभी राम टोली के सदस्य नगर में गाजे बाजे के साथ राम नाम का गुणगान कर 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सभी नगरवासियों को घरों में भगवा ध्वज, असख्य दीप प्रज्वलित कर दीपाली उत्सव के रूप में मनाने की अपील की जा रही है।
साथ ही अयोध्या से आए अक्षत पत्रक रामचित्र निमंत्रण दिया जा रहा है।

### समस्या का निराकरण नहीं तो करेंगे बिजली दफ्तर घेराव

**महासमुंद।** तुमगांव नगर व क्षेत्र में हो रही अनियमित बिजली कटौती और लो वोल्टेज को लेकर तुमगांव सिरपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने विद्युत विभाग के अधिकारी से मिलकर इस समस्या का जल्द निराकरण करने ज्ञापन सौंपा गया। निराकरण नही होने की स्थिति में दफ्तर घेराव व आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें कि तुमगांव क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान है। दिन और रात में अनेक बार बिजली कटौती की जा रही है। वहीं लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इसे लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों को न तो दिन और न ही रात में बिजली मिल रही है।

## निधन

### कंवल सिंह ठाकुर



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी निवासी कंवल सिंह ठाकुर सेवानिवृत प्राचार्य का 3 जनवरी को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। बुधवार को गृहग्राम करैहा में उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी, सामाजिकजन, पेंशनर्स, कर्मचारी उपस्थित थे।

एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक, 50-50 रुपए का सेवा शुल्क देने को तैयार हुए व्यवसायी

# मां अंगारमोती परिसर के फुटकर व्यावसायियों को मिली मूलभूत सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



गंगरेल स्थित मां अंगारमोती परिसर के फुटकर व्यवसायियों ने बुधवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर ट्रस्ट के अध्यक्ष के खिलाफ मनमानी की शिकायत की थी। शिकायत पर संयुक्त कलेक्टर श्री कृपाल ने एसडीएम की अध्यक्षता में ट्रस्टीज एवं फुटकर व्यवसायियों की बैठक कर मामले का निराकरण करने का आश्वासन दिया था।

गुरूवार को एसडीएम विभोर अग्रवाल की अध्यक्षता में ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं फुटकर व्यवसायी के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। फुटकर व्यवसायियों का आरोप था कि मंदिर, परिसर में सैकड़ों लोग पूजा सामग्री, नारियल, चना, मुर्रा, पानी पाउच, खिलौना सहित अन्य छोटे-छोटे व्यवसाय कर जीवनयापन कर रहे हैं जिन्हें ट्रस्ट द्वारा मूलभूत सुविधाओं के लिए सताया जा रहा है। सार्वजनिक पानी टंकी का मोटरपंप बंद कर दिया जाता है। बिजली, शौचालय की सुविधा नहीं दी जा रही है।

आदिशक्ति अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि अंगारमोती परिसर में बिजली, शौचालय, सफाई व्यवस्था के लिए फुटकर व्यवसायियों से प्रति सप्ताह 50 रूपये लिया जाता है। पिछले 6 माह से फुटकर व्यवसायी यह राशि नहीं दे रहे हैं। बिजली लाइन कटने के कारण बिजली, शौचालय, सफाई व्यवस्था बाधित हो गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में फुटकर व्यवसायी व्यवस्था को दुरूस्त करने 50-50 रूपये देने को तैयार हो गए हैं।शुल्क मिलने से सारी सुविधा बहाल हो जाएगी।

बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई, पदाधिकारी शिवचरण नेताम, डॉ. एआर ठाकुर, ओंकार नेताम, विष्णु नेताम, श्रीमती नंदा नेताम, पुजारी मानसिंग, हुलास कोर्राम, नरेन्द्र नेताम तथा फुटकर व्यवसायी की ओर से संरक्षक मन्नूलाल सिन्हा, अध्यक्ष किशनलाल विश्वकर्मा, उपसरपंच संतोष कुमार, श्री गंजीर आदि उपस्थित थे।

## रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात



**धमतरी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से समाजसेवी कन्हैया लाल साहू ने मुलाकात की।

## शीतला मंदिर के लिए हुआ शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंवरी

ग्राम गातापार (कोर्रा) में शीतला मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर होंगे। मौके पर छत्रपाल बैस, आनंद यदु, कमलनारायण साहू, देवेंद्र साहू, महेतरु साहू, पारसमणि नेताम, योगेश्वर साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कालेज छात्रों ने स्वच्छता के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी




बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में एवं स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन, डॉ. सीमा साहू एवं विधिक सलाहकार शंकर देवांगन के मार्गदर्शन में विकसित भारत कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अर्पणा शर्मा, लीना गजेन्द्र, विवेक, जान्हवी, मुस्कान एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा जनसामान्य को स्वच्छता अपनाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने बताया कि महाविद्यालय में समय-समय पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।

## गढ़ियापारा में हुई संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी



ग्राम गढ़ियापारा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सिहावा और संकुल चर्रा के मध्य हुई। प्रतियोगिता में कबड्डी, दौड़, रिले रेस, कुर्सी दौड़, गोला फेंक, चम्मच दौड़, आलू दौड़, 80, 100 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में संकुल समन्वयक प्रकाशचन्द्र साहू, संकुल प्रभारी एसआर साहू, प्रधान पाठक कोमलू राम नेताम, भानु कुमार देव, ताज बेगम, गणेशिया नवरंग, देवचंद टंडन, टिकेश कुमार साहू, तोमल साहू, पवन कुमार देवांगन, ललित कुमार श्रीवास, ललिता नेताम, टीकम सिन्हा, मिलनराम साहू, पवन कुमार साहू, चैतराम ध्रुव, शांति बैरागी आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## भंवरमरा में श्रीमद् भागवत कथा 19 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड



ग्राम भंवरमरा में निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भक्त गुहा निषाद राज जयंती पर श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन 19 से 27 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक मुकुंद कृष्ण महाराज राका मां बमलेश्वरी धाम डोंगरगढ़ होंगे। 19 जनवरी शुक्रवार को कलश यात्रा, व्यास पूजा होगी। 20 जनवरी शनिवार को भागवत कथा प्रारंभ, 21 जनवरी रविवार को ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 22 जनवरी सोमवार को अजामिल प्रसंग, प्रहलाद चरित्र, 23 जनवरी मंगलवार को वामन अवतार, राम कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 24 जनवरी बुधवार को बाल लीला, गोवर्धन धारण, रूक्मणि विवाह, 25 जनवरी गुरुवार को सुदामा चरित्र कथा, 26 जनवरी शुक्रवार को परीक्षित मोक्ष, शोभा यात्रा, 27 जनवरी शनिवार को गीतासार, पूर्णाहुति व प्रसादी का वितरण होगा। कथा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तथा 3 बजे से 5.30 बजे तक होगी।

आयोजन की तैयारी में ग्रामीण अध्यक्ष सागर निषाद, उत्तम दास, शत्रुघन निषाद, महेन्द्र निषाद, इंदल ठाकुर, दलसिंग निषाद, काशीराम साहू, अरूण ध्रुव, गजाधर निषाद, सरपंच अशोक नागवंशी, उपसरपंच दिनेश निषाद जुटे हुए हैं।

### शहरी क्षेत्र में 18 को पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** आगामी 18 जनवरी को महासमुंद शहरी क्षेत्र में पहुंचने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर यात्रा के शहर प्रभारी मोहन साहू, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा व पार्षद देवीचंद राठी, सासंद प्रतिनिधि पवन साहू, विधानसभा सोशल मीडिया सह संयोजक भाजपा जगन्नाथ छुरा, युवा नेता शुभम पांडे, डेविड तांडी द्वारा नगर पालिका कार्यालय में मुख्य नगर पालिक अधिकारी टामसन रात्रे से मुलाकात की।

## 174 क्विंटल धान का अवैध परिवहन करते कंटेनर सहित दो लोग पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

ओडिशा प्रांत से कंटेनर में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए बसना पुलिस द्वारा दो लोगों को पकड़ा गया। दोनों आरोपी महाराष्ट्र के बताए जा रहे हैं, जिनके पास धान परिवहन को लेकर किसी प्रकार दस्तावेज नहीं पाया गया। आरोपियों के कब्जे से कंटेनर में भरे हुए 174 क्विंटल धान जब्त कर धारा 102 जाफौ के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा ओडिशा राज्य की ओर से अवैध धान परिवहन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी सरायपाली अभिषेक केसरी के निर्देशन में गुरूवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा राज्य से बसना की ओर पलसापाली बेरियर होते हुए जिले की ओर अवैध धान लिए कंटेनर वाहन क्रमांक एमएच 04 बीजी 9953 आ रहा है। सूचना पर पलसापाली बेरियर में पुलिस की तैनाती की गई। कुछ समय बाद एक कंटेनर आता हुआ दिखा, जिसे रोककर वाहन के चालक व उनके साथी से नाम पता पूछने पर अपना नाम किशोर गोरले पिता सदाराम गोरले 46 साल निवासी माहुरझरी जिला नागपुर एवं निलेश पाटिल पिता अशोक 36 साल निवासी कलमेश्वर जिला नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताया गया। वाहन की जांच करने पर कंटेनर के अंदर कुल 380 नग बोरी में भरी हुई धान कुल 174 क्विंटल, कीमती 3,79,842 रुपए को परिवहन करते मिला।

## कृषि कार्यों की जरूरतों को पूरा करने में मिली मदद

- पीएम किसान सम्मान निधि की राशि से सुन्दरलाल और हरीशचन्द्र के जीवन में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी


सुंदरलाल ढीमर


हरीशचंद्र साहू

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के कुरुद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जामगांव में आयोजित संकल्प शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसान सुन्दर लाल ढीमर और हरीशचंद्र साहू को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि मिलने से उनके जीवन में बदलाव नजर आने लगा है। इन किसानो ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए योजना के लाभ के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत वर्ष में तीन किस्तों में छह हजार रूपए की राशि मिलती है। उन्हें अब तक सम्मान निधि की किस्त समय पर मिल रही है। इस राशि से उन्हें खेती बाड़ी के कार्यों में आर्थिक मदद के साथ ही बीज, खाद और दवाई के खर्च में भी काफी हद तक राहत मिली है। अब उन्हें खेती कार्य के दौरान छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में परेशानी का सामना करना नहीं पड़ता है। उन्होंने किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिली राशि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

### जमीन संबंधी पुराने मामले में कोर्ट के आदेश के बाद धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**महासमुंद।** जमीन के पुराने मामले में न्यायालय के आदेश के बाद तुमगांव रोड निवासी ललित कुमार के खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी और दस्तावेज में कूटरचना करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी ग्राम खरोरा निवासी विशाल चंद्राकर पिता स्व फिरतु राम 76 वर्ष के नाम पर ग्राम खरोरा में खसरा नंबर 1319 रकबा 0.01 हेक्टेयर भूमि स्थित है, जो उनकी पैतृक संपत्ति है। उक्त भूमि पुराना खसरा नंबर 328/1 का भाग है। पास ही खसरा नंबर 1320 रकबा 0.03 हेक्टेयर भूमि भी है, जो पूर्व में 328/1 का टुकड़ा था, जिसे खसरा नंबर 1320 में परिवर्तित किया गया। उक्त भूमि गोरेलाल पिता चंदूलाल चंद्राकर के नाम पर दर्ज रहीं।

## सेवानिवृत्त होने पर डा अलका को दी गई विदाई




हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिला चिकित्सालय परिवार की ओर से विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ अलका परदल को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के फल स्वरूप 31 दिसंबर 2023 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित करते हुए उनके सेवा अवधि के उपलब्धियों को याद किया गया तथा उनके समर्पण भावों को याद कर पूरा समारोह भावभीन हो गया।

डॉ अलका परदल का जन्म 21 दिसंबर 1958 को हुआ था। उनकी पढ़ाई राजस्थान में पूरी हुई। उनका विवाह डॉ राकेश परदल सेवानिवृत सीएमएचओ महासमुंद के साथ संपन्न होने के पश्चात वो छग आई तथा उनकी पहली नियुक्ति पीएचसी गरियाबंद में 1987 को हुई। उस दौरान उन्होंने सिविल डिस्पेंसरी नवापारा राजिम में भी अपनी सेवाएं दी। अगस्त 1988 से वो महासमुंद में अपनी सेवाएं देते आ रही है, जो कि पहले पीएचसी था। बाद में सीएचसी हुआ। फिर जिला हॉस्पिटल बना और आज वो मेडिकल कॉलेज बन चुका है। कार्यक्रम में उनके पति डॉ राकेश परदल, पुत्र डॉ नमन परदल, डॉ बसंत माहेश्वरी एमएस, डॉ गिरधारी लाल चन्द्राकर, डॉ एनआर सचदेव, डॉ अरविंद गुप्ता, डॉ एलएस प्रसाद, डॉ गरिमा सोलंकी, डॉ छत्रपाल चंद्राकर, डॉ घनश्याम साहू, डॉ अनिल गोरियार, डॉ यशोदा मिर्धा, डॉ मंजूषा चन्द्रसेन, डॉ चंचल लहरी, डॉ चंद्रशेखर साहू, डॉ कुलवंत अजमानी, लोकेश पटेल, पंकज साहू, प्रणय खरे, प्रेम पांडेय, चिरंजीवी मानिकपुरी, भागवत चंद्राकर, सुनील देवदास, विनोद महोबिया, किशन चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, संतोष पचौरी, प्रवीण नागदेवे, कमल ध्रुव, राजेश कुमार, राजेंद्र चंद्राकर, बारलो सिस्टर, कविता पूरी, सीमा साहू, उषा साहू, सरस्वती साहू, पूर्णिमा साहू, खिलेश्वर चंद्राकर, मोहरदास बंजारे एवं चिकित्सालय परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग,स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ करण सराफ | डॉ अक्षय बैद | डॉ आशु जैन |
|---|---|---|
| MD,DM Nephrologist | MS,MCh, Neurosurgeon | MS,MCh, Neurosurgeon |
| किडनी रोग विशेषज्ञ | ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ |
| 02 जनवरी 2024 मंगलवार | 05 जनवरी 2024 शुक्रवार | 12 जनवरी 2024 शुक्रवार |

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### गुहाननाला में कोया पूनेम गोंडी गाथा का समापन

**नगरी।** गुहाननाला में पांच दिवसीय कोया पूनेम गोंडी गाथा का समापन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र की विधायक ने अपने उद्बोधन में समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। आने वाली पीढ़ी को उचित शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाने की अपील की। सामाजिक संस्कृति एवं परंपरा को बनाये रखने की बात कही। इस अवसर पर मायाराम नागवंशी, सचिन भंसाली, प्रमोद कुंजाम, बिंदा नेताम, कृति मरकाम, रामकुंवर सरपंच, राजाराम मांडवी, रामप्यारी कवाची, घासीराम नेताम, तुलसी मंडावी, बुधराम नेताम मौजूद थे।

### रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है : अंबिका

**नगरी।** ग्राम मारदापोटी में तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अम्बिका मरकाम ने कहा कि रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है। मानसगान से गांव में एकता व शांति की भावना प्रेरित होती है। गांव गांव में मानसगान का आयोजन भगवान राम और रामायण के प्रति आगाध श्रद्धा का प्रतीक है। इस अवसर पर सरपंच ईश्वरी नेताम, दुखिया ध्रुव, प्रमोद कुंजाम,नारद ध्रुव,विमला मरकाम, घनश्याम मरकाम समेत अन्य उपस्थित थे।

### मेडिकल रिलीफ फंड की वार्षिक पत्रिका का विमोचन


**कुरूद।** संयुक्त शिक्षक कल्याण संघ द्वारा संचालित मेडिकल रिलीफ फंड की छटवीं वार्षिक पत्रिका का विमोचन विधायक अजय चंद्राकर ने किया गया। इस अवसर पर संयुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, मेडिकल रिलीफ फंड अध्यक्ष पुरुषोत्तम निषाद, जिला उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, मनीष देव वर्मा, महेंद्र सोरी, मिथिलेश कंवर, चैनसिंह साहू, द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, सतीश कुमार साहू, गोपी चंद्राकर, आत्माराम साहू, हरीश निर्मलकर, पारस यादव, ईश्वर साहू, कुंभकरण साहू, देवनाथ साहू, नरेश सिन्हा, भूषण सिन्हा सहित संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### रासेयो शिविर में बिखरी सांस्कृतिक छटा

**भखारा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखरी। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम से ग्रामीणों का मन मोह लिया। समापन से पहले एक सप्ताह तक छात्रों ने जोरातराई गांव में साफ-सफाई की। छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ शैलेंद्र साहू के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी टी के साहू के नेतृत्व में ग्राम जोरातराई (अंवरी) में किया गया। समापन पर शिविरार्थियों छात्रों ने लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एस डी द्विवेदी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय भखारा थे।

## बिजनेस साइट

### पं. कुण्डलिक शास्त्री का ज्योतिष शिविर जारी



**धमतरी।** शिर्डी महाराष्ट्र से धमतरी पहुंचे प्रसिद्ध ज्योतिष पं. कुण्डलिक शास्त्री जी का नगर में ज्योतिष शिविर जारी है। पं. कुण्डलिक शास्त्री 07 दिसम्बर से 09 जनवरी तक भगवती लॉज में ठहरे हैं। वे सुबह 8 से 12 एवं दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक लोगों के पूछे तीन प्रश्नों का जवाब देते हैं। उनकी सटीक भविष्यवाणी का धमतरी जिला सहित पूरे प्रदेश के नामचीन नेता से लेकर मंत्री, अधिकारियों सहित हजारों लोगों ने लाभ उठाया है। वे लोगों की हस्तरेखा और चेहरा देखकर जीवन के बारे में सही भविष्यवाणी करते हैं। अब तक हजारों लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया है।

### केंद्र सरकार की प्रत्येक योजना को पूरा करने के दिए निर्देश

# जपं कुरूद के सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जनपद पंचायत कुरूद में अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन की बैठक हुई जिसमें सभी विभागों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्कूल शिक्षा विभाग से स्मार्ट क्लास शीघ्र प्रारंभ करने और लेटलतीफी करने पर नाराजगी जाहिर की। पीएचई विभाग के कार्यों पर पाइप विस्तार में रोड काटने ओर पाइप की क्वालिटी पर पर सभी सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की। वहीं बैठक में लगातार अनुपस्थित रहने वाले पीडब्ल्यूडी के एसडीओ को उपस्थित रहने निर्देश दिया गया।

बुधवार की दोपहर को आयोजित बैठक में 15वें वित्त व मनरेगा के तहत कार्य स्वीकृत कराने, शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक कुरूद को आगामी बैठक में उपस्थिति हेतु निर्देश देने, प्राशा गोबरा में मध्यान्ह भोजन वर्ष 2021-22 में विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन वितरण सूखा-गीला की जानकारी, रुर्बन मिशन अंतर्गत कुल 14 ग्राम पंचायतों में स्मार्ट क्लास व्यवस्थित कराने, प्राशा एवं माध्यमिक शाला के सभी शौचालय में पाइप लाइन से पानी की व्यवस्था कराने, संकुल समन्वयकों की बैठक बुलाने तथा शाला भवनों की मरम्मत कराने का प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में उपाध्यक्ष जानसिंह यादव, रविन्द्र साहू, धर्मपाल, परमेश्वरी साहू, पदमा साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, गजेंद्र साहू, धनेश्वरी यादव, सुनील गायकवाड़, दुलेश्वर ध्रुव, पुरुषोत्तम साहू, संतोष साहू, थानु साहू, कांति साहू, पद्मा साहू, हंसकुमारी सिन्हा, धनेश्वरी साहू, गौकरण साहू, डॉ लोकेश साहू, रमेश साहू, सीईओ बीआर वर्मा, पीएचई के पीएस गजेंद्र, कनिष्ठ यंत्री सीजीपीडीसीएल श्री सिन्हा समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



#### इन विषयों पर चर्चा कर कार्रवाई करने कहा

ग्राम भैंसमुन्डी अंतर्गत 15वें वित्त मनरेगा के तहत अमृत सरोवर में वृक्षारोपण, पक्की नाली निर्माण कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व 3 सहायिका के पद रिक्त है। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की संख्या 186 है। ग्राम पंचायत अटंग, सिलौटी, मरीद, सिर्वे व चरमुड़िया के आंबा भवन जर्जर स्थिति में है जिसे सुधार करने, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत निःशुल्क चश्मा वितरण, लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायतों में जल सुविधा हेतु मार्च 2024 तक का लक्ष्य को पूरा करने, जनपद पंचायत 15वें वित्त योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को 1 सप्ताह के भीतर प्राक्कलन स्वीकृति सहित कार्य प्रारंभ कर 40 प्रतिशत राशि जारी करने। वन विभाग कुरूद एवं लोक निर्माण विभाग कुरूद के विभाग प्रमुख को 10 जनवरी को 11 बजे बैठक आहूत करने हेतु पत्र जारी करने। पेंशन अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पंचायत के माध्यम से जो भी निःशक्तजन बेसहारा जिसकी उम्र 60-70-80 वर्ष हो चुकी है, उन्हें पंचायत के माध्यम से पेंशन भुगतान करने निर्देशित किया गया।

#### अधिकारी की जगह अधीनस्थ हुए कोपभाजन का शिकार

बैठक में वन विभाग, पीएचई, आरईएस, लोक निर्माण और बिजली विभाग के आलाधिकारी मौजूद नहीं थे। अधिकारी नहीं आए तो अधीनस्थ कोपभाजन का शिकार हुए। जनपद सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त कर उन विभाग के प्रतिनिधियों को सामान्य सभा की बैठक से बाहर रखा गया तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों के आने पर ही समीक्षा हेतु बात रखी गई। सर्वाधिक नाराजगी पीडब्ल्यूडी के एसडीओ को लेकर देखी गई तथा क्षेत्र की जर्जर सड़कों की स्थिति व मरम्मत कार्य की प्रगति रिपोर्ट के साथ उक्त अधिकारी को उपस्थित होने निर्देश जारी किया गया।

## स्वयंसेवकों ने आदिवासी नृत्य, देशभक्ति गीत, हास्य नाटक की दी प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आकाश गिरी गोस्वामी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत मुजगहन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। छठवें दिवस ग्राम के हरदिहा साहू समाज भवन के पास रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। स्वयंसेवकों ने बस्तरिहा आदिवासी नृत्य, देशभक्ति गीत, हास्य नाटक की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती धनेश्वरी साहू जनपद सदस्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाता है जिससे कुछ न कुछ सीख प्राप्त होती है। उसे हमें अपने दैनिक जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टीआर नागवंशी प्राचार्य खरतुली ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक निरंतर सेवा प्रदान करते रहते हैं।

मंच का संचालन सुरेश साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी ने किया। मौके पर दिनेश कुमार सिन्हा सरपंच, डुमन लाल ध्रुव कवि एवं जिला प्रचार अधिकारी, ओमप्रकाश नाग व्याख्याता, रामसिंग मंडावी, भूपेंद्र दास मानिकपुरी नेहरू युवा केंद्र धमतरी, वेदप्रकाश सिन्हा एनवाईवी, संकेत कुमार साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक पीजी कॉलेज धमतरी, वासुदेव साहू, रामानंद साहू, राहुल मंडावी एवं धनेश मंडावी उपस्थित थे।

# सफाई कर्मचारियों को काम से निकाला, बस स्टैण्ड में हंगामा

- सात साल से स्वच्छ भारत मिशन के तहत काम कर रहे थे
- पंचायत प्रतिनिधियों पर लगाया मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

ग्राम पंचायत सांकरा में सात वर्ष से स्वच्छ मिशन के तहत कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों को अचानक काम से निकालकर दूसरे को काम पर रखने से सफाई गाड़ी को जब्त कर बस स्टैण्ड में जमकर हंगामा किया व जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपकर फिर से काम पर रखने मांग की।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सांकरा नगरी ब्लाक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है जो नगर पंचायत की श्रेणी में आती है। यहां लगातार सात वर्षों तक महिला व पुरूष साइकल रिक्शा से गांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान में कार्य कर रहे हैं। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत सांकरा को स्वच्छ भारत के तहत अवार्ड भी मिल चुका है। कोविड वैक्सीनेशन के तहत राष्ट्रपति ने ग्राम पंचायत को सम्मानित कर पचास लाख की राशि का चेक भी दिया। इसी राशि से छोटा हाथी वाहन खरीदकर कचरा सफाई कार्य में लगाया गया। वाहन के आते ही इन सफाई कर्मचारियों को काम से निकाल दिया गया। इससे सफाई कर्मचारियों में रोष है। तीन जनवरी बुधवार की सुबह गाड़ी लेकर कचरा उठाने पांच युवक निकले थे। तभी पुराने सफाई कर्मचारियों ने बस स्टैण्ड में वाहन की चाबी जब्त कर हंगामा किया। वाहन को पंचायत में खड़ा कर सरपंच, सचिव पर मनमानी करने का आरोप लगाया।



#### ● ग्राम सभा में नहीं की चर्चा

सफाई कर्मचारी शकुन बाई साहू, हिरमिसी कश्यप, सुरेन्द्र साहू, शबरी भंडारी ने बताया कि दो जनवरी मंगलवार को ग्रामसभा का आयोजन हुआ जब हमें कार्य से हटाना था और दूसरे को कार्य पर रखना था तो ग्रामसभा में प्रस्ताव करना चाहिये मगर सरपंच, सचिव ने इस मामले में कुछ भी नहीं बोला और दूसरे दिन दूसरे लागों को कार्य पर रख लिया। अगर हमें काम से निकाला जा रहा है तो पंचायत से ही हमें दूसरे कार्य पर रखा जाये।

#### ● नाली सफाई करने वालों को दे रहे काम

सफाई कर्मचारियों ने बताया कि हर घर से कचरा साफ करने पंचायत द्वारा टैक्स लिया जाता है और उसी टैक्स से हमें रोजगार मिलता है जबकी नालियों की सफाई बारिश से पहले होती है जिसका पैसा पंचायत फंड से आता है और उस पैसे को नाली साफ करने वालों को दिया जाता है। ऐसे में आखिर पंचायत प्रतिनिधि किसका पैसा बचा रहे, इनकी मंशा क्या है, समझ से परे है।

# निवृतमान कलेक्टर ऋतुराज और जिपं सीईओ रोक्तिमा को जिला प्रशासन ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निवृतमान कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव को जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में भावभीनी विदाई दी गई।

इस मौके पर कलेक्टर श्री रघुवंशी ने कहा कि आप सभी के सहयोग से जिले ने अभूतपूर्व सफलताएं प्राप्त की हैं, जिनमें अभी हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा निर्वाचन में रिकार्ड मतदान, स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड पंजीयन, राजस्व प्रकरणों के तेजी से निराकरण आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि परिस्थिति अनुसार सभी को ढल कर अपना उत्कृष्ट देना चाहिए। सरकारी कार्यों में कहीं-कहीं पर कठोरता दिखाना अनिवार्य होता है। गौरतलब है कि 17 जनवरी 2023 को 18 वें कलेक्टर के रूप में श्री रघुवंशी ने धमतरी जिले में प्रभार लिया था।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत विदाई समारोह में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कलेक्टर श्री रघुवंशी के साथ काम करना बहुत आसान रहा। उनकी सहज, सरल स्वभाव और कार्यक्षमता प्रशासनीय है। पूरे कार्यकाल में उन्होंने हमेशा हर योजना में आगे रहने न केवल सभी को प्रोत्साहित किया, बल्कि अपने अधिकारियों पर पूरा भरोसा भी जताया।

अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव के साथ कार्य के दौरान अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि श्रीमती यादव एक कुशल प्रशासक है, उन्हें पता है कि अपने अधीनस्थ काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों से कैसे काम कराया जाये। श्रीमती यादव को जो भी जिम्मेदारियां दी गई, उन्होंने उसे बखूबी अंजाम तक पहुंचाया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किये। अधिकारियों ने निवृतमान कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव को शासन द्वारा सौंपे गए नए दायित्व के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका आभार भी जताया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी का स्थानांतरण संचालक, स्वास्थ्य सेवायें और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव का स्थानांतरण संचालक, समाज कल्याण के तौर पर हुआ है।

#### कलेक्टर श्री रघुवंशी के नेतृत्व में जिले ने हासिल की अभूतपूर्व सफलताएं



### जहां प्रेम, निष्ठा का भाव प्रकट हो वहां शिव का दर्शन हो जाता है : सर्वेश्वरानन्द

# सेमरा में शिवपुराण कथा सुनने पहुंचे विधायक अजय चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम सेमरा (भखारा) में आयोजित शिवपुराण महायज्ञ कथा के दूसरे दिन कुरुद क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर कथा सुनने पहुंचे। कथा प्रसंग में बालयोगी सर्वेश्वरानन्द सरस्वती ने कहा कि जहां प्रेम, निष्ठा का भाव प्रकट हो जाता है वहां भगवान शिव का दर्शन हो जाता है।

ग्राम सेमरा बी में 2 से 9 जनवरी तक आयोजित शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन बुधवार को दोपहर ढाई बजे आमंत्रण पर कुरुद विधायक अजय चंद्राकर कथा स्थल पहुंचे, जहां आयोजकगण माधवराम साहू परिवार ने उनका स्वागत किया। पश्चात श्री चन्द्राकर ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर महाराज से आशीर्वाद लिया। पंडाल में बैठकर कथा का श्रवण किया।

प्रवचनकर्ता श्री श्री 1008 श्री संत बालयोगी सर्वेश्वरानन्द सरस्वती ने भगवान शंकर का प्राकट्य, शिव पूजन के महाकाव्य प्रसंग का रसपान कराते हुए कहा कि जहां प्रेम, निष्ठा का भाव प्रकट हो जाता है, वहां भगवान शिव का दर्शन हो जाता है। मन में श्रद्धा ही नहीं है तो आप चाहे जितने भी पूजा पाठ कर लें, फल मिलने वाला नहीं है। उन्होंने बेल पत्र का महत्व बताते हुए कहा कि बेल की तीन पत्तियां ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं। इसलिए तीनों हमेशा एक साथ रहते हैं। इसे शिवलिंग में चढ़ाने से फल की प्राप्ति होती है। सर्वेश्वरानन्द सरस्वती ने बताया कि घर और मंदिर में कौन सी साइज का शिवलिंग रखना चाहिए। इसे दो तरह से रखा जा सकता है अस्थाई और स्थाई।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के कान में कथा का श्रवण, गले में रुद्राक्ष, माथे पर त्रिकुट और मुख पर ओम नमः शिवाय का मंत्र हो तो कोई भी नरक नहीं जा सकता। महाशिवरात्रि की महत्ता बताते हुए कहा कि सभी को महाशिवरात्रि का उपवास रखना चाहिए। जाने अनजाने में किया गया सत्कर्म व्यर्थ नहीं जाता। महाराज ने माताओं से आह्वान किया कि अपने बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार दें ताकि बड़ा होकर सत्कर्म के रास्ते पर चलकर माता पिता का नाम रोशन कर सकें। कथा के साथ सुमधुर भजन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आनन्द यदु, उपेंद्र सोन, पकंज सिन्हा, चेतन जैन, कन्हैया लाल साहू, ईश्वर साहू, राजेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।






# गरजने लगा निगम का बुलडोजर

- अम्बेडकर चौक से जनपद तक 200 से अधिक अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम का बुलडोजर गरजने लगा है। बुधवार को अम्बेडकर चौक से जनपद कार्यालय तक सड़क किनारे ठेले, गुमटी, अस्थाई दुकानों को प्रशासन की टीम ने बलपूर्वक हटाया। होर्डिंग्स, तम्बुओं को उखाड़कर फेंका।

अम्बेडकर चौक से रूद्री रोड तक सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ ड्रेन टू ड्रेन सड़क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये हैं। बुधवार की सुबह 11 बजे डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा के नेतृत्व में निगम अमला जनपद पंचायत पहुंचा। इसके बाद सड़क किनारे अवैध कब्जा कर बनाई गई बांस, बल्ली की झोपड़ी, ठेला, गुमटी, दुकानों के सामने लगे विज्ञापन होर्डिंग्स, शेड को हटाया गया। कर्मा चौक के पास इसका विरोध भी हुआ। निगम अधिकारियों ने जनहित का हवाला देकर उनकी एक न सुनी। शाम 6 बजे तक कार्रवाई जारी रही। 200 से अधिक जगहों पर कार्रवाई होने से फुटकर व्यवसायियों में हड़कंप मचा रहा।

डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा ने बताया कि शहर में बढ़ते सड़क हादसे को देखते हुए अवैध अतिक्रमण हटाया जा रहा है। पहले दिन अम्बेडकर चौक से जनपद तक कार्रवाई की गई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
रायपुर: 9406004581
बिलासपुर: 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ों पर दर्द, गठियावात, नसों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पांव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### मड़ेली में 6 से जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता

**जीजामगांव।** संत कर्मा माता सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 जनवरी तक किया गया है। आयोजन की तैयारी में संत कर्मा माता सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### बोरिदकला में मानसगान सम्मेलन 6 से

**पुरूर धमतरी।** ग्राम बोरिदकला में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 6 से 8 जनवरी तक किया है। ग्रामीण नीलाम्बर सिन्हा ने बताया कि 9 जनवरी को मड़ई होगी। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए चारामा साल्हेटोला का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

### भैंसबोड़ में गायत्री महायज्ञ 7 जनवरी से



**अंवरी।** ग्रामवासियों एवं गायत्री परिवार के सहयोग से ग्राम भैंसबोड़ में 7 से 10 जनवरी तक 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन शांतिकुंज के ऋषि पुत्रों द्वारा किया जायेगा।

### जीजामगांव में 16 से संगीतमय शिव महापुराण कथा



**जीजामगांव।** शिव शक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव के रावणभाठा बाजार चौक में सात दिवसीय भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 से 23 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक हलधर नाथ जोगी कोपरा राजिम होंगे। प्रथम दिवस देव स्थापना, द्वितीय दिवस शिव कथा प्रारंभ, तृतीय दिवस शिव तत्व महात्म्य, चतुर्थ दिवस नंदी जन्म कथा, पंचम दिवस शिव पार्वती विवाह, षष्टम दिवस कार्तिक जन्म, सप्तम दिवस गणेश जन्म, अष्टम दिवस शिव गीता, हवन होगा। आयोजन की तैयारी में शिव शक्ति सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### डांडेसरा में रामायण 19 से, मड़ई 22 को

**डांडेसरा धमतरी।** नव युवा संगठन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से खेल मैदान डांडेसरा में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 जनवरी तक किया गया है। प्रतियोगिता में ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी। 22 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए ग्राम दुर्रे बंजारी तहसील दुरिया जिला महाराष्ट्र सीमा छत्तीसगढ़ का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक समिति के श्रवण नागे, हरिशंकर साहू, शेषनारायण साहू, प्रभुराम साहू, छेदन नागे, कैलाश साहू, महेश साहू, किरण साहू, बंशीलाल नागे, सियाराम रात्रे जुटे हुए हैं।

### सलोनी के छात्रों ने जाना बैंक में कैसे होता है काम

**धमतरी।** छात्रों ने बैंक में खाता-बही मेंटेन करने का तरीका सीखा। उन्होंने जाना क्रिडेबिट-क्रेडिट कैसे होता है। ब्याज, सर्विस चार्ज की गणना करने की विधि भी सीखी। हायर सेकेंडरी स्कूल सलोनी में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत ट्रेड बैंकिंग विषय के कक्षा 11वी और 12 वी के छात्रों को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया गया। कक्षा 11वीं को ओम चॉइस सेंटर और 12 वीं के छात्रों को एचडीएफसी बैंक में इंटर्नशिप कराया गया। यह प्रोग्राम प्राचार्य आर.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी पालकों की सहमति से व्यावसायिक प्रशिक्षक करनजीत सिंग रैनो के देखरेख में हुआ। इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग से संबंधित कार्यों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इंटर्नशिप में विद्यार्थियों ने वास्तविक कार्य स्थल का अनुभव प्राप्त किया।

राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

# निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली होने पर महापौर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निगम की आय के साधन को मजबूत कर निगम के कार्यों को सुचारू रूप देने तथा आम नागरिकों को सुविधा उपलब्ध करने के लिए महापौर विजय देवांगन व आयुक्त विनय कुमार ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में महापौर श्री देवांगन ने बालक चौक कॉम्प्लेक्स के आवंटन से संबंधित जानकारी लेते हुए शेष बचे 11 दुकानों के एग्रीमेंट की प्रक्रिया को तत्काल पूर्ण करने तथा नागरिक को सुविधा प्रदान करने लिफ्ट के कार्य को जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया, साथ ही पीछे की दुकानों के लिए आवंटन के लिए टेंडर लगाने का निर्देश देते हुए कॉम्प्लेक्स के सामने लगा रहे जूता चप्पल वालों को पीछे दुकानों को लेने प्रत्साहित करने कहा।

इतवारी बाजार के ऊपर की दुकानों को आवंटित की उचित प्रकिया करने कहा गया। निगम कार्यालय के समीप बनी 3 दुकानों को भी सक्षम अनुमति की प्रक्रिया में लाकर पूरा करने कहा। महापौर ने लेखा अधिकारी को कर्मचारियों के वेतन संबंधित जानकारी लेते हुए दिसंबर माह के वेतन का भुगतान करने तथा आवास योजना में पुराने रुके हुए हितग्राहियों की किस्त को डालने का निर्देश दिया। विकास कार्यों में भूमिका निभाने वाले ठेकदारों को प्राथमिकता देते हुए बिल का भुगतान करने कहा।




#### लंबे समय से करों का भुगतान नहीं

राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लंबे समय से जो समस्त करों का भुगतान नहीं कर रहे, उनको चिन्हित कर वसूली की कार्रवाई की की जाए एवं बिल वितरण में लेट-लतीफी न की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासकीय भवनों की गणना कर जो दायरे में आते हैं, उनकी सेवाकर सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य रूप से आयुक्त विनय कुमार, उपायुक्त पीसी सार्वा, राजस्व के अन्य अधिकारी तथा लेखा विभाग से नोरज देवांगन सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

#### शिविर लगाकर करें वसूली : विजय देवांगन

राजस्व विभाग के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध की गई वसूली में कमी होने पर महापौर ने नाराजगी व्यक्त की। महापौर ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य अनुसार राजस्व विभाग की वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि राजस्व निरीक्षक को सहायक राजस्व निरीक्षक से प्रतिदिन समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करवाने को कहा एवं वार्ड वसूलीकर्ता के अतिरिक्त अलग-अलग स्थानों में आवश्यकता पड़ने पर शिविर लगाकर वसूली की जाए तथा सभी बकायादारों को नोटिस देकर दल बनाकर वसूली की जाए।

## वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 9 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



देश के सभी न्यायालयों में 9 मार्च को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन कोरोना कोविड 19 की गाइड लाइन के अनुसार किया जाएगा।

केएल चरयाणी जिला एवं सत्र न्यायाधीशख अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के निर्देशन में जिला न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद एवं नगरी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य बैंक रिकवरी, आपराधिक शमनीय मामलों, विद्युत, श्रम विवाद, भू-अर्जन, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक विवाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, टेलीफोन, जलकर, राजस्व एवं अन्य सिविल प्रकरण खंडपीठ में रखे जाते हैं। इस संबंध में पक्षकारों को बताया गया कि वे अपने अधिवक्ताओं से परिचर्चा पश्चात अपने प्रकरण को 9 मार्च को होनी वाले नेशनल लोक अदालत में रखे ताकि राजीनामा के आधार पर प्रकरण का शीघ्र निराकरण किया जा सकें। इससे समय एवं धन के अपव्यय को रोका जा सकता है तथा कोर्ट फीस की भी वापसी होती है। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण को निराकरण करवाकर वैमनस्य व कटुता को मिटाकर भाईचारे एवं बंधुता की भावना को बढ़ा सकते हैं।

## मड़ई मेला परंपरा और संस्कृति का परिचायक : रंजना साहू





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मड़ई मेला का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में निरंतर हो रहा है। ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुड़पार में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई।

इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि मड़ई मेला का त्योहार लोगों के जीवन को खुशियों से भर देता है। मड़ई मेला महोत्सव न सिर्फ मनमोहक होता है बल्कि यह समृद्ध परंपरा और संस्कृति को भी दर्शाता है। पूर्व जनपद सदस्य प्रकाश गोलछा ने बताया कि मड़ई मेला आपसी प्रेम, सौहार्द का पर्व है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, रुद्री सरपंच अनीता यादव, बरारी के पूर्व सरपंच जोहर यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कबीर साहेब के उपदेशों को जीवन में करें आत्मसात




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम रुद्री में कबीर सत्संग समारोह हुआ। प्रवचनकर्ता त्रिलोकी साहेब, मुख्य वक्ता रवि दास साहेब थे। समापन अवसर के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य जागेंद्र साहू ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती माधुरी साहू, केशवराम साहू, ध्रुव कुमार साहू, सरपंच अनीता यादव, प्रीतम साहू थे। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि कबीर साहेब के उपदेशों को आत्मसात करने जीवन सफल हो जाता है। जागेंद्र साहू ने विधायक ओंकार साहू से कबीर भवन प्रांगण में पेवर ब्लॉक लगाने की मांग की।

## स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं योग : डॉ. मधुप

- नेहरू गार्डन में आयोजित योगाभ्यास शिविर का लोग ले रहे लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छग योग आयोग व ऑल इंडिया प्रोसेसिव ऑफिसर संगठन एवं जननी सेवा संस्थान द्वारा नेहरू गार्डन में बुधवार से योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

बुधवार की सुबह आयोजित ध्यान योग शिविर के पहले दिन डॉ. एस. मधुप वरिष्ठ चिकित्सक जिला अस्पताल ने लोगों को ठंड के मौसम में ब्लड प्रेशर, शुगर और ह्दय संबंधित रोगी व्यक्तियों को योग व खानपान में परहेज कर जटिल रोगों को आसानी से काबू में करके एक अच्छी जिंदगी जीने का परामर्श दिया। वहीं इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई।

इसी क्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय के डीपीओ अजय कुमार सिंह ने लोगों से खानपान में परहेज कर अपने बढ़ते वजन को कम कर बीमारी से छुटकारा पाने का आग्रह किया है। सिविल लाइंस स्थित नेहरू गार्डन में आयोजित ध्यान योग शिविर में सुश्री अंजुलता साहू, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, डॉ. शालिनी कुमारी, शेषनारायण गजेन्द्र योग शिक्षक, हरविंदर छाबड़ा, सुश्री पी. कौर, योग शिक्षिका रमेश देवांगन, मनोज सोनी का सहयोग रहा। डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने बताया कि लोगों को विशेष रूप से योग के प्रति जागृत करने की आवश्यकता है। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक नेहरू गार्डन में आयोजित होगा।

## जीवन में खेलकूद का बड़ा महत्व : सोनी

- जीनियस पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी के खेल मैदान में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के पूर्व स्कूल के बच्चे नगर के दंतेश्वरी मंदिर में सफेद रंग की वेशभूषा में एकत्रित हुए। यहां अतिथि नगरी थाना के सहायक उप निरीक्षक राम पटेल, सहायक उप निरीक्षक साहू, पूर्व सभापति बलजीत छाबड़ा, दीपेश निषाद, अशोक संचेती, संस्था प्रबंधक मोहन सोनी, संतोष अगलावे ने माता दंतेश्वरी माई की पूजा- अर्चना कर मशाल जलाकर बच्चों के हाथों में दिया।

बच्चे रैली की शक्ल में दंतेश्वरी मंदिर से स्कूल प्रांगण तक मशाल हाथों में लिए पहुंचे। संतोष अगलावे ने बच्चों को खेल भावना की शपथ दिलाई। क्लास नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों को चैलेंजर्स, वॉरियर्स, अचीवर्स, फाइटर ग्रुप में बांटा गया। लंबी दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक, बोरा दौड़, धीमी साइकिल रेस, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज आदि खेलों का शुभारंभ किया गया।

शाला प्रबंधन के मोहन सोनी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्व है। इससे स्कूल स्तर से ही छात्रों में आगे बढ़ाने की प्रवृत्ति जागृत होती है। खेलकूद से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मानसिक विकास सुदृढ़ होता है। किताबी ज्ञान के साथ ही छात्रों को खेलकूद समेत अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक शंकर कुसुलिया, भानुप्रताप सिन्हा, प्रमोद कटुरे, प्रवीण कुमार, नजमा बानो, शीला सिंग, चेतना देवांगन, वर्षा लोन्हारे, जया अगलावे, उर्मिला सिन्हा व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## हवाई अड्डा महर्षि वाल्मीकि के नाम पर, समाजजनों ने मनाई खुशियां

**धमतरी।** अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का मंदिर बनवाया जा रहा है। अयोध्या इंटरनेशनल हवाई अड्डा का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया गया है। इससे वाल्मीकि समाज में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज ने अपने- अपने जिलों मे कलशयात्रा निकालकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एवं महर्षि वाल्मीकि की पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया और खुशिया मनाई। मौके पर वाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय डागौर, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अविनाश मारोठे समेत बड़ी संख्या में



समाजजन उपस्थित थे। साथ ही संकल्प लिया कि 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को धूमधाम से मनायेंगे।

## सिंधौरीखुर्द में रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन



**कुरुद।** जनपद पंचायत कुरूद द्वारा जनपद निधि से क्षेत्र क्रमांक 9 ग्राम सिंधौरीखुर्द में 2 लाख रुपये से बनने जा रहे रंगमंच निर्माण कार्य का रविन्द्र साहू सभापति एवं त्रिवेणी साहू सरपंच ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर तुकेश साहू महासचिव युवा कांग्रेस, दुकालूराम दीवान सचिव, प्रेमलता साहू, ओमलता साहू, अनुसुइया साहू, इंदु साहू, तुकाराम यादव, ओम पटेल समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम को बताया

**धमतरी।** कृति फाइन आर्ट्स इंस्टीट्यूट एवं ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा आयोजित शीतकालीन कैंप का समापन हुआ। छात्र-छात्राओं मान्या मुंजवानी, लविश मुंजवानी, ओजस सुखवानी, हरगुण छाबड़ा, वंशिका मुंजवानी, मिहिका झवर, अनन्या गुप्ता, अंकित राखेचा, समकित राखेचा, शिवांश शाह, प्रियांश शाह, विराट गुप्ता, आरंभ गुप्ता, हर्षाली गुप्ता ने कागज पर चित्र उकेरकर प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम को समझाने का प्रयास किया।

गायत्री मंदिर, बस स्टैंड के पास, कुरुद में 7 जनवरी, रविवार
नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर
प्रत्येक मरीज 1500 रु. की जांच नि:शुल्क
• ECG (हार्ट की जांच) • BMI (हड्डी की जांच)
• पाईल्स, भगंदर, फिशर की जांच मशीन द्वारा
• नसों की सिकाई (Ultrasound मशीन द्वारा)
• ब्लड की जांच नि:शुल्क - थॉयराइड, हीमोग्लोबिन, शुगर, कोलेट्रॉल, कैल्शियम, गठियावात की जांच लाल पैथालॉजी लैब से।
जर्मन दवाईयों पर 20%छूट
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी. (होम्योपैथी मेडिसीन) (अनुभव 10 वर्ष) | डॉ. एस. चौरसिया एम. एस. (पाईल्स विशेषज्ञ)
परामर्श हेतु उपलब्ध-समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
1. गठियावात एवं नशों में दर्द (Neuropathy) सायटिका, नस ब्लॉक L4-L5 नसों में दबाव के कारण दर्द, अकड़न, झुनझुनी, शून्यपन, ज्यादा चलने पर दर्द। घुटना दर्द - दर्द, सूजन, बैठकर उठने में दर्द, अकड़न, Liquid कम हो जाना, हड्डियों पर गैप कम होना।
2. मूत्र रोग- पेशाब पर जलन, दर्द, धार कमजोर, ताकत लगाना, झाग, बदबू, छाले (Penis), रात्रि पर पेशाब ज्यादा, पेशाब रोकने की क्षमता कम होना। प्रोस्ट्रेट UTI (PUS Cell), पेशाब नली की सिकुड़न, पथरी दवा द्वारा उपचार
3. पेट एवं गुदा रोग पेट पर जलन, गैस, भूख कम लगना, कब्ज। गुदा मार्ग पर जलन, दर्द, खून एवं मवाद आना। पाईल्स, भगन्दर, फिशर की क्षारसूत्र चिकित्सा।
शिविर में चयनित 5 लोगों को 50% छूट
स्थायी पता : नेताजी चौक, कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन : 9630634468, 9406004581

ज्योतिषी शिर्डी से आपके धमतरी में
अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में पांचवी बार
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
आपके शहर धमतरी में और 5 दिन
जनता की मांग पर दिनांक - 7 दिस. से 9 जनवरी 2024 तक
मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।
बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नो के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वही मिले
(मिलने का समय दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक)
पता - रूम नं. 113, भगवती लॉज, बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-

नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरुषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर स्पेशल ट्रेन 04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:- 7247-411411